D.A.V. (P.G.) COLLEGE
DEHRADUN - UTTARAKHAND

NAAC Re-accredited with Grade 'B' (CGPA 2.46)

No. 2022_____

Affiliated to Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(A Central University)

PROSPECTUS - SESSION - 2022-23

www.davpgcollege.in

Rs. 60/-

Message from the desk of Secretary

I welcome all students belonging to different parts of India who have taken admission on the basis of their merit in this prestigious college of north India. DAV (PG) College Dehradun since 1946 has been making a significant contribution to higher education by setting high bench marks in education while maintaining a balance between Vedic wisdom and modernity. Here it is realized that excellence is not one time achievement, it is a habit of 'Quest for Excellence' in every field which has been the singular aim of this institution.

No doubt a lot of DAV alumni are holding significant positions all over the world yet it is not contented. It's vision is to be crowned as the finest educational organization in the service of mankind. Its mission is man-making, disseminating knowledge and building Vedic values. Our success in this endeavour has the potential of making our society free from prejudices and vices.

Toppers in studies, champions in sports and heroes in extra-curricular activities year after year make this college an irresistible destination for students. Onrush of admission every year bears testimony to the fact that this is the most sought after institution. I have no doubt that with an inbuilt momentum, this institution would continue to march forward to a better tomorrow in the service of the nation and touch the new pinnacles of glory.

I wish the Principal, staff and students of the college all success in their result oriented endeavours.

Manvendra Swarup
Secretary

Message from the desk of Principal

D.A.V. (P.G.) College is one of the premier institutions of Northern India which started before Independence. Established in 1946 as Degree College it has been on a prestigious journey for the past 118 years. Not only does it cater to the needs of students of Uttarakhand and neighboring states, but it also fulfills the educational requirements of the students from Jammu & Kashmir to North-East India. D.A.V. (P.G.) College was previously affiliated to H.N.B. Garhwal University, which eventually upgraded to H.N.B. Garhwal Central University, Srinagar which is NAAC A Grade University. Our college has five faculties i.e. Science, Arts, Commerce, Law and Teacher Education along with self-financing courses like PGDJMC, PGDTH, B.Sc. IT, M.A. Mass Communication and M.A. Education.

D.A.V. (P.G.) College is an institution where students increase their potential to the optimum as the education imparted is inclusive and accessible. The basic purpose of education here, is to enhance the overall personality development of our students. Apart from education, our college has focused on grooming the best NCC cadets, sports persons, NSS and Rover & Rangers volunteers and social political activists. Ours is an institution where the inherent qualities of students can get fullest bloom. In the field of academics, this college has been consistently producing university gold medalists across various disciplines, including professional courses from year to year.

D.A.V. College is an institution where ancestral wisdom and fusion of Arya Samaj principles along with Anglo Vedic education takes place, thereby contributing to develop noble citizens to the society. Education is imparted not only through classroom teaching, but also through tutorials, seminars, conferences, invited lectures and remedial classes. Because of these qualities, D.A.V. (P.G.) College is considered one of the best seats of education. The college has produced icons like the Ex-Prime Minister of Mauritius, Hon'ble Shri Shiv Sagar Ramgulam; Ex-Prime Minister of Nepal, Hon'ble Shri Lokendra Bahadur Chand; Late Hon'ble Brahm Dutt; Ex-Army Chief Gen. B.C. Joshi; Indian mountaineer Km. Bachendri Pal and in recent times many officials of Defence, Uttarakhand and Indian Administration Judiciary and Corporate sector.

I believe education is a great emancipator, which is universally recognized. The logo of our college is also 'तमसो मा ज्योर्तिगमय' which means from darkness to light. I urge you to experience this path from darkness to light at our revered institution. On behalf of the entire faculty members, I invite you to experience your academic journey at our esteemed institution. All the best for your coming academic year!

In the year 2020 the college was reaccredited with 'B' Grade (CGPA 2.46) by NAAC. The Peer Group highly appreciated the herculean efforts of the college for improving teaching and learning activities. We are confident of getting 'A' Grade in NAAC third re-accreditation.

Dr. K.R. Jain
Principal

अनुक्रमणिका/Contents

1.	प्रवेश संबंधी नियम 2022–23	2
2.	अध्ययन पाठ्यक्रम	4
3.	स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु नियम	4
4.	स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु नियम	5
5.	बी.एड. में प्रवेश हेतु नियम	5
6.	एल–एल.बी. में प्रवेश हेतु नियम	5
7.	स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु नियम	6
8.	मेरिट आधारित प्रवेश नियम	6
9.	विभिन्न कक्षाओं में आरक्षण की व्यवस्था	6
10.	'वेटेज' के प्रावधान	6
11.	विश्वविद्यालय नामांकन	7
12.	उपस्थिति	7
13.	नियन्ता मण्डल	7
14.	परिचय–पत्र	7
15.	छात्रवृत्तियाँ एवं शुल्क विमुक्ति	7
16.	चिकित्सकीय सुविधाएँ	7
17.	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के छात्र/छात्राओं हेतु शुल्क विमुक्ति	8
18.	पुस्तकालय एवं वाचनालय	8
19.	प्रयोगशालाएँ	8
20.	शोध कार्य	8
21.	कॉलेज की सदस्यता	8
22.	छात्रसंघ	8
23.	क्रीड़ा संबंधी सूचनाएँ	8
24.	राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0)	9
25.	राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन0सी0सी0)	9
26.	रोवर व रेन्जर	9
27.	सांस्कृतिक समिति	9
28.	कॉलेज पत्रिका 'जिज्ञासा'	9
29.	इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र (IGNOU SC-2705)	9
30.	महाविद्यालय कैरियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेवा	10
31.	जमाराशि एवं उनकी वापसी	10
32.	Best Practice of the college- Mantrana Debating Society and its activities	10
33.	जेंडर सेन्सेटाइजेशन कमेटी अंगेस्ट सेक्सुअल हैरेसमेंट (GS CASH)	10
34.	वेबसाईट एवं शुल्क भुगतान	10
35.	रैगिंग पर प्रतिबन्ध तथा undertaking दिये जाने सम्बन्धी प्राविधान	10
36.	यू.जी.सी. के रैगिंग रोकने सम्बन्धी नियम	10
37.	प्रभारी व समन्वयक	11
38.	NEP 2020 UG Framework 2022-23	12–16
39.	CBCS/Semester Rules for old students (2021–24)	16–19
40.	उपस्थित नियम	19
41.	शैक्षणिक कैलेण्डर सत्र 2022–23	20
42.	विभागवार शिक्षकों की सूची	21
43.	सत्र 2022–23 के लिए कक्षानुसार शुल्क विवरण	22
44.	सत्र 2022–23 के लिए महाविद्यालय का शुल्क विवरण	23
45.	विभिन्न कक्षाओं के लिए अनुमन्य छात्र संख्या	24

प्रवेशार्थी विवरणिका – सत्र 2022–23

NAAC Accredited - Grade 'B' (Institutional CGPA 2.46)

1. ऑनलाइन प्रवेश संबंधी नियम सत्र 2022–23

1. प्रवेश मेरिट तथा ऑनलाइन प्रक्रिया के आधार पर ही होंगे। सर्वप्रथम इच्छुक अभ्यर्थी को महाविद्यालय की वेबसाइट www.davpgcollege.in (http://admission.davpgcollege.in/) में प्रवेश हेतु दिये गये लिंक को क्लिक करके प्रवेश प्रक्रिया में पंजीकरण करके दी हुई अन्य अनिवार्य शर्तें पूरी करनी होंगी। वेबसाइट में दिये गये दिशा–निर्देशों का पूर्ण अनुपालन किया जाना प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अनिवार्य होगा।
2. ऑनलाइन प्रक्रिया में समस्त अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु जन्मतिथि के प्रमाण हेतु हाईस्कूल तथा समकक्ष प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति, अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका की स्वप्रमाणित छायाप्रति, स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र मूल रूप में (महाविद्यालय में पहली बार प्रवेशार्थी के लिए अनिवार्य), आरक्षण संबंधी वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमी लेयर) तथा भूतपूर्व सैनिक तथा उनके आश्रित, दिव्यांग होने का प्रमाण–पत्र तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित होने) का प्रमाण–पत्र भी यथा स्थान पर अपलोड करना होगा। संबंधित आरक्षित वर्ग के वैध प्रमाण–पत्र अपलोड न होने की स्थिति में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त पुलिस सत्यापन के प्रमाण–पत्र पर अभ्यर्थी के स्वयं तथा अभिभावक के हस्ताक्षर होने चाहिए। रैगिंग संबंधी शपथ–पत्र तथा पूर्व संस्था के प्राचार्य अथवा किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा दिया गया चरित्र प्रमाण–पत्र (वैधता अवधि 6 माह) भी आवश्यकतानुसार अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. प्रवेशार्थी का दायित्व होगा कि वे समय–समय पर महाविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करता रहे तथा दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार वरीयता सूची में स्थान पाने पर निर्धारित शुल्क इत्यादि निर्धारित तिथि तक जमा कर दे।
4. प्रवेश हेतु अधिमानित अंक (वेटेज) महाविद्यालय द्वारा तभी दिया जा सकेगा जब अभ्यर्थी ने नियमानुसार वैध खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, स्कॉउट रोवर्स एवं रेंजर का प्रमाण–पत्र अपलोड कर दिया हो।

2. प्रवेश सम्बन्धी नियम 2022–23

1. प्रवेश मेरिट आधारित व ऑनलाइन होंगे। प्रवेश आवेदन–पत्र ऑनलाइन जमा कर देना कॉलेज में प्रवेश का आश्वासन नहीं है।
2. प्रवेश विवरणिका अच्छी प्रकार पढ़ लें। इसमें दिए प्रावधान तथा नियम कॉलेज और विश्वविद्यालय द्वारा यथासमय परिवर्तनीय हैं।
3. डी.ए.वी. कॉलेज, देहरादून मूलतः जनपद के निवासियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु है, अतः प्रवेश में स्थानीय छात्रों को वरीयता दी जाती है।
4. सभी कक्षाओं में प्रवेश हेतु (व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को छोड़कर) 90 प्रतिशत सीटें उत्तराखण्ड के अधिवासियों के लिए होंगी। प्रदेश के बाहर के अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 प्रतिशत सीटों पर ही प्रवेश मिल सकेगा, बशर्ते वे सामान्य वरीयता सूची में अर्ह हों। अर्हता के अभाव में उत्तराखण्ड से बाहर की रिक्त सीटों को उत्तराखण्ड के अभ्यर्थियों की सूची से प्रवेश दिया जाएगा।
5. कृपया अपना प्रवेश आवेदन–पत्र भरते समय जाँच लें कि–

i. प्रवेश आवेदन–पत्र विधिवत भरे गये हैं तथा इसमें निर्धारित स्थान पर आपके तथा आपके अभिभावक के हस्ताक्षर हैं।

ii. प्रवेश आवेदन–पत्र में आपका नवीनतम फोटोग्राफ तथा पता होना अनिवार्य है।

iii. किसी अन्य विश्वविद्यालय से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण होने पर उस विश्वविद्यालय का प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) मूल रूप में छात्र परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ अपलोड करें।

6. सही एवं स्पष्ट रूप से भरा हुआ प्रवेश आवेदन–पत्र निर्धारित तिथि तक प्राप्त हो जाना चाहिए। आवेदन–पत्र के साथ प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न/अपलोड करना आवश्यक है। महाविद्यालय के प्रवेश–फार्म पर छात्र/छात्रा का वही नाम मान्य होगा जो कि उसके हाई–स्कूल या समकक्ष परीक्षा के प्रमाणपत्र पर अंकित होगा। उपनाम अनुमन्य नहीं है।

7. प्रवेश शुल्क का भुगतान 'ऑनलाइन' ही किया जायेगा। विस्तृत दिशा निर्देशों हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट देखें।

8. अपूर्ण आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन–पत्र जमा/अपलोड करने की अन्तिम तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार का कोई प्रपत्र आवेदन–पत्र में संलग्न/अपलोड नहीं किया जा सकेगा।
9. ड्रॉप आउट्स व अनुचित साधन प्रयोग के दोषी या दोषारोपित छात्रों को किसी भी अन्य विषय या कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। यदि वे इस तथ्य को छिपाकर प्रवेश ले लेते हैं, तो जानकारी होने पर तुरंत उनका प्रवेश बिना किसी नोटिस के निरस्त कर दिया जायेगा। महाविद्यालय के नियमित छात्र जो परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए (अर्थात् ड्रॉपर्स हैं) पुनः प्रवेश के पात्र नहीं होंगे।
10. उन प्रवेशार्थियों को जिनके परीक्षाफल अनुचित साधन के अतिरिक्त किसी अन्य कारण से रोके गये हैं, अपने आवेदन–पत्र निर्धारित अंतिम तिथि तक अवश्य जमा करा देने चाहिए।
11. दुराचरण अथवा अनवरत प्रमाद के दोषी छात्र को अर्थदण्ड सहित निलम्बित, निष्कासित, बहिष्कृत या विश्वविद्यालय परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। जिन छात्रों की गतिविधियाँ नियंता मण्डल/प्रशासन की राय में अवांछनीय है, उन्हें प्रवेश देने से रोका जा सकता है अथवा उनका प्रवेश निरस्त किया जा सकता है। शासकीय आदेश संख्या अ0शा0 2421/15-10-87/134/86 दिनांक 8 मई, 1987 के अनुसार अवांछनीय तत्वों अथवा अध्ययन में रुचि न रखने वाले

छात्र/छात्राओं को प्रवेश से वंचित किया जा सकता है। यदि प्रवेश दिया जा चुका है, तो इस तथ्य का पता लगने पर प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।

12. अपने प्रवेश आवदेन–पत्र के साथ अंक–तालिका या जाति/अधिमान प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति संलग्न न करें। केवल स्व–प्रमाणित प्रतियाँ ही लगायें। मूल–प्रतियाँ साक्षात्कार/ सत्यापन/प्रवेश काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करने के लिए बुलाया जा सकता है।
13. प्रवेशार्थियों को चेतावनी दी जाती है कि वे अपने आवेदन–पत्रों में कोई असत्य सूचना न दें और न ही कोई तथ्य छिपाएँ। उनके द्वारा प्रस्तुत अंक–तालिका और प्रमाण–पत्रों की प्रतिलिपियां सम्बन्धित विश्वविद्यालय/ परीक्षा निकायों को सत्यापन हेतु भेजी जा सकती हैं। सत्यापन के उपरान्त यदि कोई पत्रजात (Document) असत्य पाया जाता है तो न केवल प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा, अपितु कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।
14. वरीयता सूची में चयन के बाद अभ्यर्थी को महाविद्यालय का प्रवेश आवेदन–पत्र सभी वांछित प्रमाण–पत्रों सहित कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। सभी प्रमाण–पत्रों के सही पाये जाने पर ही प्रवेश समिति द्वारा प्रवेश की संस्तुति की जाएगी।
15. उपस्थिति पंजिका में किसी भी छात्र/छात्रा का नाम सम्बन्धित प्राध्यापक द्वारा तभी लिखा जायेगा, जबकि छात्र/छात्रा फीस रसीद एवं प्रामाणिक परिचय–पत्र उन्हें दिखायेगा।
16. महाविद्यालय किसी अभ्यर्थी को प्रवेश सम्बन्धी सूचना देने के लिए बाध्य नहीं होगा। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों का दायित्व है कि वह समय–समय पर महाविद्यालय के सम्बन्धित विभाग के सूचना पट्ट पर लगने वाली सूचनायें प्राप्त करें।
17. मिथ्या/अपूर्ण सूचनायें प्रस्तुत करने पर किसी भी छात्र को महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है, अगर त्रुटिवश या मिथ्या सूचना के आधार पर किसी छात्र/छात्रा को प्रवेश प्राप्त हो गया हो तो ऐसे तथ्यों के प्रकाश में आने पर संबंधित अनियमित प्रवेश को निरस्त करने का विधि सम्मत अधिकार प्राचार्य का होगा।
18. महाविद्यालय को बिना कोई कारण दिये प्रवेश न देने/निरस्त करने का अधिकार है। प्राचार्य द्वारा कोई भी प्रवेश कभी भी बिना कोई कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
19. जिन छात्रों ने पिछले वर्ष पुस्तकालय की पुस्तकें वापिस नहीं की हैं उन्हें प्रवेश तभी दिया जायेगा, जब वे पुस्तकें वापस कर देंगे।
20. 'ओपन स्कूल' से पाँच विषय लेकर प्लस–टू परीक्षा उत्तीर्ण छात्र स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए अर्ह होंगे।
21. विश्वविद्यालय के नियमानुसार महाविद्यालय की प्रत्येक कक्षा में Casual Admission पूर्णतः वर्जित है।
22. एम.एस–सी. कक्षाओं में किसी अन्य महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय अथवा इसी कॉलेज की अन्य कक्षाओं से किसी भी परिस्थिति में स्थानान्तरण की अनुमति नहीं है।
23. प्रवेश लेने के पश्चात् सभी छात्र/छात्रायें अपने परिचय पत्र (Identity Card) चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में हस्ताक्षर के लिए स्वयं ही उपस्थित हों। अपना पहचान पत्र किसी अन्य को न दें।
24. सभी छात्र/छात्रायें लाइब्रेरी कार्ड बनाने के लिए पुस्तकालय में निर्धारित काउन्टर पर स्वयं ही उपस्थित होकर अपना लाइब्रेरी कार्ड बनवायें।
25. प्रवेश सम्बन्धी सभी सूचनायें तथा आवेदन–पत्र जमा किये जाने की अंतिम तिथि, योग्यता सूची, प्रवेश हेतु चयन, शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि आदि केवल विभागीय/कॉलेज सूचना पट्ट/वेबसाइट के माध्यम से प्रसारित की जायेगी। इसलिये सभी प्रवेशार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कॉलेज/विभागों के सूचना पट्ट/वेबसाइट निरन्तर देखते रहें।
26. शुल्क रसीद सुरक्षित रखनी चाहिए, क्योंकि संरक्षित–निधि (Security Money) वापस लेते समय इसे तत्संबंधी प्रार्थना–पत्र के साथ कार्यालय में जमा करना होता है। विद्यार्थी द्वारा जमा की गई जमानत राशि अन्तिम परीक्षा पास किये जाने के एक वर्ष के अंतर्गत उनके द्वारा वापस मांगी जा सकती है। उपरोक्त समय बीत जाने पर वह राशि स्वतः जब्त हो जायेगी और वापस नहीं होगी।
27. शुल्क विमुक्ति के लिए यथा समय निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन अवश्य कर दें।
28. छात्र/छात्राओं को स्नातक डिग्री तथा स्नातकोत्तर डिग्री विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अधिकतम समय सीमा में पूर्ण करनी होगी।
29. जनपद देहरादून में नौकरी करने वाले अभ्यर्थियों को अपने विभाग से कक्षाओं में उपस्थित होने हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र (N.O.C.) प्रस्तुत करना अनिवार्य है, लेकिन जनपद देहरादून से बाहर नौकरी करने वाले अभ्यर्थी प्रवेश के पात्र नहीं होंगे।
30. विषय/संकाय एक बार आवंटित होने पर परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
31. अनुत्तीर्ण होने वाले छात्रों को उसी कक्षा एवं संकाय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
32. प्रवेश सम्बंधी अन्य नियमों में विश्वविद्यालय के नियम लागू होंगे।
33. विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य सीटों के अनुरूप ही प्रवेश दिए जायेंगे।
34. अनन्तिम प्रवेश हेतु आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य होगा।
35. **व्यवसायिक पाठ्यक्रम–बी.एड. तथा एल.एल.बी. छात्र/छात्राओं को निर्धारित यूनिफार्म में महाविद्यालय में आना अनिवार्य होगा।**
36. अर्हता परीक्षा पास करने के पश्चात् दो या अधिक वर्ष का समय अन्तराल हो गया है और प्रवेश की सभी शर्तों का अनुपालन करता है तो महाविद्यालय उसे भी प्रवेश दे सकता है। परन्तु उसे इस समय अन्तराल का शपथ पत्र भर कर देना होना जिसमें समय अन्तराल का कारण स्पष्ट हो जिससे महाविद्यालय का सक्षम अधिकारी सन्तुष्ट हो।
37. **स्नातक कक्षाओं के लिए आवेदकों को पुनः उसी कक्षा में किसी विषय या स्कूल में अध्ययन हेतु प्रवेश नहीं दिया जायेगा जिस कक्षा का उन्होंने पास कर लिया है। उदाहरण के तौर पर बी.एस–सी. पास करने वाले**

विद्यार्थी बी.एस–सी. में किसी दूसरे भिन्न विषयों के समूह के साथ या बी.ए./बी.कॉम. में प्रवेश नहीं ले सकते हैं। हालांकि स्नातकोत्तर कक्षाओं में एक बार किसी विषय में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् किसी दूसरे विषय में अर्हता पूर्ण करने के लिए उपरान्त योग्यताक्रमानुसार प्रवेश दिया जा सकता है।

2. अध्ययन–पाठ्यक्रम

विषय चयन सम्बन्धी सूचना पढ़कर ही विषयों का चयन करें। गलत विषय चयन करने के पश्चात् होने वाली हानि का उत्तरदायित्व केवल छात्र का ही होगा।

(क) स्नातक पाठ्यक्रम

(1) कला स्नातक पाठ्यक्रम (बी0ए0 उपाधि हेतु)

(1) हिन्दी साहित्य (2) संस्कृत साहित्य (3) अंग्रेजी साहित्य (4) इतिहास (5) राजनीति विज्ञान (6) अर्थशास्त्र (7) समाज शास्त्र (8) शिक्षाशास्त्र (9) भूगोल (10) मनोविज्ञान (11) चित्रकला (12) भारतीय संगीत (13) सांख्यिकी (14) गणित

टिप्पणी

1. निम्नलिखित विषय एक साथ नहीं लिए जा सकते :
   क. सांख्यिकी के साथ संगीत
   ख. मनोविज्ञान के साथ सांख्यिकी
2. बी0ए0 प्रथम वर्ष के छात्र भूगोल, चित्रकला व मनोविज्ञान विषयों का चयन तभी कर सकते हैं जब उन्होंने उक्त विषय में अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण की हो। भूगोल विषय चयन करने हेतु गणित अथवा जीवविज्ञान के साथ उत्तीर्ण विद्यार्थी भी अर्ह होंगे।
3. गणित के साथ केवल सांख्यिकी, अर्थशास्त्र तथा भूगोल विषय ही लिये जा सकते हैं।
4. संगीत विषय वे ही अभ्यर्थी ले सकते हैं जिनका 10+2 में संगीत विषय रहा हो या जिन्होंने भातखण्डे अथवा प्रयाग संगीत समिति से मध्यमा/सीनियर डिप्लोमा/चार वर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो। अन्य प्रतिभावान अभ्यर्थी यदि संगीत विषय लेने का इच्छुक हो तो विभागाध्यक्ष/ संकायाध्यक्ष उसकी स्वर परीक्षा लेकर प्रवेश संस्तुत करा सकते हैं।
5. स्नातक (बी.ए.) स्तर पर केवल वही छात्र गणित विषय का चयन कर सकेंगे जिन्होंने अर्हकारी परीक्षा में गणित का अध्ययन किया हो।
6. महाविद्यालय प्रशासन द्वारा विभिन्न विषयों में स्नातक स्तर (कला) पर शिक्षकों की उपलब्धता के आधार पर छात्र हित में सीटें निर्धारित की जा सकती हैं जो कि समस्त अभ्यर्थियों को मान्य होगी।

(2) विज्ञान स्नातक पाठ्यक्रम (बी.एस–सी. NEP-2020) उपाधि हेतु बी.एस–सी. उपाधि निम्न विषय समूह उपलब्ध है:

रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान, भौतिकी, गणित व सांख्यिकी

(3) वाणिज्य स्नातक पाठ्यक्रम (बी0कॉम0 NEP-2020)

बी0कॉम0 उपाधि हेतु सभी अनिवार्य विषय लेने होंगे। विस्तृत जानकारी वाणिज्य विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

(ख) दो वर्षीय सेमेस्टर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

निम्नलिखित विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं–

(1) कला संकाय (एम.ए. उपाधि)

हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, चित्रकला, सांख्यिकी, गणित

(2) विज्ञान संकाय (एम.एस–सी. उपाधि)

रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, भौतिकी, गणित, सांख्यिकी

(3) वाणिज्य संकाय (एम.कॉम. उपाधि)

विस्तृत जानकारी वाणिज्य विभाग से प्राप्त करें।

(4) व्यावसायिक पाठ्यक्रम

1. शिक्षक प्रशिक्षण में दो वर्षीय स्नातक उपाधि (बी.एड.)
2. विधि में स्नातक उपाधि (एलएल.बी.)
3. सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातक उपाधि (स्ववित्तपोषित) (बी0एस–सी0–आईटी)
4. पत्रकारिता एवं जन संचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (स्ववित्तपोषित) (पीजीडीजेएमसी)
5. जनसंचार में स्नातकोत्तर उपाधि (स्ववित्तपोषित) (एम0ए0– मास कम्यूनिकेशन)
6. शिक्षा शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि (स्ववित्तपोषित) (एम0ए0 एजुकेशन)
7. पर्यटन एवं होटलियरिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (स्ववित्तपोषित) (पी.जी.डी.टी.एच.)

3. स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु नियम

(1) स्नातक स्तर पर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश

कक्षा	प्रवेशार्थी का वर्ग	प्राप्तांकों के कुल योग का न्यूनतम प्रतिशत (पाँच विषयों में अर्हता विषयों के साथ)
1. बी0ए0 (प्रथम सेमेस्टर)	सामान्य	इण्टर/समकक्ष 40%
2. बी0एस–सी0 (प्रथम सेमेस्टर)	सामान्य	इण्टर/समकक्ष 45%
3. बी0कॉम0 (प्रथम सेमेस्टर)	सामान्य	इण्टर/समकक्ष 40%

अनु0 जाति व जनजाति छात्र/छात्राओं के लिए 5% की छूट विश्वविद्यालय के नियमानुसार दी जायेगी।

नोट : 39.9 तथा 44.9% अंकों को क्रमशः 40 एवं 45% नहीं माना जायेगा।

1) **सभी संकायों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश सीटों की उपलब्धता एवं मेरिट के आधार पर ही निर्धारित तिथि तक किये जायेंगे। स्नातक स्तर पर NEP आधारित पाठ्यक्रम लागू हो चुका है। विवरण पृष्ठ 12 से 18 पर दिया गया है।**

2) सामान्यतः बी.कॉम. में उन्हीं छात्र/छात्राओं को प्रवेश प्रदान किया जायेगा जिन्होंने अर्हकारी परीक्षा में वाणिज्य विषय का अध्ययन किया हो, परन्तु कला अथवा विज्ञान वर्गों के छात्र/छात्राओं को भी बी.कॉम. में प्रवेश मिल सकेगा।

3) बी.एससी. में छात्र/छात्रा उसी संवर्ग (विषय समूह) में प्रवेश ले सकेंगे जिसका अध्ययन उन्होंने अर्हकारी परीक्षा में किया हो। इस प्रतिबन्ध का आशय यह है कि जिन छात्र/छात्राओं ने 10+2 स्तर पर गणित संवर्ग (भौतिक, रसायन एवं गणित) विषयों का अध्ययन किया हो वह गणित संवर्ग तथा जिन छात्रों ने जीवन विज्ञान संवर्ग (रसायन, वनस्पति एवं जन्तु विज्ञान) का अध्ययन किया हो वह जीव विज्ञान संवर्ग में ही प्रवेश ले सकेंगे।

4) **स्नातक कक्षाओं में प्रत्येक विषय का एक आन्तरिक आंकलन/परीक्षा 30 अंक की होगी तथा विश्वविद्यालय परीक्षा 70 अंक की होगी। आन्तरिक आंकलन/परीक्षा में भाग लेना विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने हेतु अनिवार्य होगा।**

5) मेरिट फार्म कक्षा में प्रवेश हेतु तभी मान्य होगा जबकि अभ्यर्थी ने निर्धारित शुल्क जमा कर फार्म आवेदन पत्र पूर्णतः भरा हो तथा निर्धारित प्रमाण–पत्रों को स्व प्रमाणित करके यथास्थान अपलोड किया गया हो। अन्य नियम पृष्ठ 6 पर।

4. स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु नियम

विश्वविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए सेमेस्टर प्रणाली लागू है। सेमेस्टर प्रणाली में निम्न बिन्दु प्रमुख हैं :

(i) स्नातकोत्तर डिग्री चार सेमेस्टर में प्राप्त की जा सकेगी। प्रत्येक शैक्षिक सत्र में दो सेमेस्टर होंगे।

(ii) **सेमेस्टर प्रणाली में छात्र की उपस्थिति का विवरण क्रमशः विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य से अग्रसारित कर विश्वविद्यालय में जमा करना अनिवार्य है। केवल 75% उपस्थिति वाले छात्रों को ही संबंधित सेमेस्टर परीक्षा में बैठने की अनुमति होगी।**

(iii) स्नातकोत्तर सेमेस्टर में प्रत्येक छात्र के दो आंतरिक आंकलन (Internal Assessment) (20+20 अंक प्रति कोर्स) होंगे। आंतरिक आकलन विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित तिथियों पर होगा तथा इनमें प्राप्त प्राप्तांक सेमेस्टर परीक्षाफल में जोड़े जायेंगे। विश्वविद्यालय परीक्षा 60 अंक प्रति कोर्स होगा।

(क) एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर के लिए वि.वि. द्वारा निर्धारित नियम लागू होंगे।

एम0ए0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिये आवेदन हेतु अर्हकारी परीक्षा (बी0ए0/समकक्ष) में कम से कम 40% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रायोगिक विषयों भूगोल, मनोविज्ञान व चित्रकला में प्रवेश हेतु, स्नातक स्तर पर इन विषयों का होना आवश्यक है। मनोविज्ञान विषय में प्रवेश हेतु विज्ञान विषय में स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी भी अर्ह होंगे। ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत Website में दिये गये नियमों के आधार पर एम0ए0 में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को मेरिट फार्म भरकर निर्धारित तिथि तक संलग्नकों सहित ऑनलाइन फार्म जमा करना होगा। निर्धारित सीटों पर मेरिट में स्थान पाने वाले अभ्यर्थी ही प्रवेश आवेदन पत्र के आधार पर प्रवेश समिति के सम्मुख आवश्यकतानुसार प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत करके प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

(ख) एम0एस–सी0 प्रथम सेमेस्टर प्रवेश के लिए वि.वि. द्वारा निर्धारित नियम लागू होंगे।

(i) एम0एस–सी0, प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता इस विश्वविद्यालय अथवा विधि मान्य किसी अन्य विश्वविद्यालय की त्रिवर्षीय बी0एस–सी0 परीक्षा कम से कम 45 % अंकों से उत्तीर्ण होनी चाहिये। इसके अतिरिक्त प्रवेश मेरिट के आधार पर किये जायेंगे, जिसके लिए मेरिट फार्म भरकर निर्धारित संलग्नकों सहित संबंधित कार्यालयों/ऑनलाइन रूप में अंतिम तिथि से पूर्व जमा करना होगा। मेरिट में स्थान आने पर प्रवेश आवेदन पत्र में माँगे गये संलग्नक प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश प्रदान किया जायेगा।

(ii) **प्रत्याशी केवल उसी विषय में प्रवेश ले सकते हैं, जो उन्होंने बी0एस–सी0 स्तर पर मुख्य विषय के रूप में लिया है। जिन विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर तृतीय वर्ष में दो विषय चयन करने का प्रावधान है, ऐसे विश्वविद्यालयों के प्रत्याशी अन्तिम वर्ष में चयनित विषयों में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।**

(ग) एम0कॉम0 प्रथम सेमेस्टर प्रवेश के लिए वि.वि. द्वारा निर्धारित नियम लागू होंगे।

(i) बी0कॉम0 अथवा समकक्ष परीक्षा वाणिज्य विषय के साथ न्यूनतम 45% के साथ उत्तीर्ण की हो। इसके अतिरिक्त प्रवेश मेरिट के आधार पर किये जायेंगे जिसके लिए मेरिट फार्म भरकर स्वप्रमाणित वांछित संलग्नकों सहित संबंधित विभाग/ऑनलाइन रूप में अंतिम तिथि से पूर्व जमा करना होगा। मेरिट सूची में स्थान आने पर प्रवेश आवेदन पत्र में मांगे गये मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही प्रवेश प्रदान किया जायेगा।

(ii) कला तथा विज्ञान वर्ग में अभ्यर्थियों को स्नातक स्तर पर 50% अंकों व गणित/अर्थशास्त्र के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा किन्तु उन्हें क्वालिफाइंग परीक्षा अलग से उत्तीर्ण करनी होगी।

5. शिक्षक प्रशिक्षण में स्नातक (बी0एड0) कक्षा में प्रवेश हेतु नियम

बी0एड0 कक्षा में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाता है।

6. विधि स्नातक (एल–एल0बी0) कक्षाओं के प्रवेश हेतु

विधि स्नातक की उपाधि का व्यावसायिक पाठ्यक्रम 3 वर्ष का है। इसे 6 सेमेस्टरों में विभाजित किया गया है। पाठ्यक्रम 'बार काउंसिल ऑफ इण्डिया' के नवीनतम निर्देशों के अनुसार तैयार किया गया है। इसमें चार प्रश्न–पत्र प्रायोगिक भी हैं। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ध्यान दें कि प्रायोगिक विषयों की तैयारी के लिए उन्हें दिन में न्यायालय में जाना पड़ता है।

(1) विधि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों तथा मेरिट के आधार पर होगा।

(2) विधि की कक्षाएं दिन में होती हैं। अतः सेवारत अभ्यर्थियों को अपने विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है और अध्ययन के दिनों का अवकाश लेने पर ही वे प्रवेश के लिए अर्ह होंगे।

(3) प्रवेश के लिए सामान्य वर्ग व अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए स्नातक स्तर की परीक्षा में क्रमशः न्यूनतम 45 % एवं 42 % अंक होना अनिवार्य हैं। अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यार्थियों के लिए न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य हैं।

(4) छः सेमेस्टर विधि स्नातक के नये पाठ्यक्रम के अभ्यर्थी छात्र/ छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अधिकतम समय सीमा में उपाधि प्राप्त करनी होगी।

(5) एल–एल0बी0 कक्षाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेश से सम्बन्धित नियमावली में 'बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया' के अनुसार कभी भी परिवर्तन किया जा सकता है।

(6) शासनादेश संख्या 528 (11 15–(30 शि.) 71/97 दिनांक 11 जून 1997 के अनुसार कोई भी छात्र एलएल0बी0 की

परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति तब तक प्राप्त नहीं कर सकेगा, जब तक कि वह 75% उपस्थिति पूरी नहीं करता। संकाय अध्यक्ष/प्राचार्य/कुलपति महोदय द्वारा विशेष परिस्थितियों में दी गई छूट के बाद भी बार काउंन्सिल ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार किसी भी छात्र की 66% से कम उपस्थिति नहीं होनी चाहिए।

(7) जो छात्र/छात्रायें महाविद्यालय में विधि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेंगे उनका प्रवेश किसी अन्य महाविद्यालय में स्थानान्तरित नहीं होगा। उन्हें इसी महाविद्यालय से विधि की उपाधि प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(8) विधि तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नये नियमों के अनुसार दिया जायेगा।

7. स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम

स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों पी0जी0डी0जे0एम0सी0, पी0जी0डी0टी0एच0, बी.एससी. (आई0टी0), एम0ए0 (मास कम्युनिकेशन) व एम0ए0 (एजूकेशन) में प्रवेश हेतु अर्ह कक्षा के न्यूनतम 40% अंक अनिवार्य है। प्रवेश मेरिट आधारित होंगे। शुल्क व प्रवेश प्रक्रिया व अन्य जानकारी हेतु सम्बन्धित विभाग में सम्पर्क करें। **इस विभाग द्वारा त्रैमासिक 'डी.ए.वी.' न्यूज लैटर नियमित प्रकाशित किया जाता है।**

8. मेरिट आधारित प्रवेश (ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा)

पहले छात्रों को मेरिट फार्म भरकर जमा करना होगा। मेरिट में स्थान पाने पर ही प्रवेश दिया जायेगा।

स्नातकोत्तर स्तर पर ऐसे आवेदन फार्म निरस्त कर दिये जायेंगे जिसमें स्नातक स्तर के समस्त सेमेस्टर/वर्षों की अंक तालिकाओं के लिखित तथा प्रायोगिक/मौखिक पूर्णांक तथा प्राप्तांक अलग–अलग नहीं दर्शाए गए होंगे। मेरिट द्वारा प्रवेश हेतु एक प्रवेश समिति होगी जो निर्धारित अन्तिम तिथि तक प्राप्त मेरिट व प्रवेश आवेदन–पत्रों के आधार पर लिस्ट तैयार करायेगी। मेरिट लिस्ट तथा वेटिंग लिस्ट निर्धारित तिथि तक नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट पर लगा दी जायेगी। प्रत्याशी इस लिस्ट को देखना स्वयं सुनिश्चित करेंगे। प्रत्याशियों को लिस्ट में निर्दिष्ट तिथि, समय व स्थान पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना अनिवार्य होगा, जिसमें उनकी प्रमाण पत्रों आदि का सत्यापन तथा विषय में उनकी अभिरुचि का आंकलन किया जायेगा। प्रवेश समिति को अधिकार होगा कि विशेष परिस्थितियों में मेरिट में नाम होने के बाद भी प्रवेश देने से इन्कार कर दे। साक्षात्कार के समय सभी अभिलखों की मूल प्रति दिखाना अनिवार्य होगा।

अपने आवेदन–पत्र के साथ अर्ह परीक्षा की अंक–तालिकाओं की स्वसत्यापित प्रतिलिपि अवश्य संलग्न करें।

अधूरे भरे आवेदन–पत्र जिनके साथ वांछित संलग्नक नहीं लगे हैं, निरस्त कर दिये जायेंगे।

मेरिट तैयार करने में पूरी सावधानी बरती जाती है, किन्तु फिर भी यदि कोई त्रुटि किसी समय भी ज्ञात होती है तो उसे दूर किया जायेगा, चाहे इससे किसी प्रत्याशी की मेरिट पर कोई भी प्रभाव पड़ता हो। त्रुटिवश मेरिट सूची में आया कोई नाम प्रवेश का हकदार नहीं होगा। उसे किसी भी स्तर पर निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्रवेश समिति को होगा।

यदि 'मेन लिस्ट' के प्रत्याशियों के प्रवेश के बाद रिक्त रहते हैं तो 'वेटिंग लिस्ट' के प्रत्याशियों को अवसर दिया जायेगा। वेटिंग लिस्ट एक से अधिक भी हो सकती है जो सीटें रिक्त होने पर क्रमशः घोषित की जायेगी।

सभी संकायों की स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु सूची में नाम आने पर यदि निर्धारित तिथि तक छात्र प्रवेश नहीं लेता है तो उसका दावा समाप्त हो जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए सम्बन्धित विभागाध्यक्षों से सम्पर्क किया जा सकता है।

Note: The college shall have the right to deny admission or cancel the admission granted to an applicant without assigning any reason.

9. आरक्षण

(क) प्रत्येक कक्षा में **उत्तराखण्ड के अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग हेतु आरक्षण का प्रावधान उत्तराखण्ड शासनादेश सं0 1144/कार्मिक–2–2001–53(1) 2001 दिनांक 18 जुलाई 2001 जिसको शासनादेश संख्या 1968/XXX(2)2006 दिनांक 24 जुलाई 2006 व शासनादेश दिनांक 27.10.2017 द्वारा संशोधित किया गया द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप होगा।** तदनुसार अनुसूचित जाति 19%, अनुसूचित जन जाति 4%, अन्य पिछड़े वर्ग(नॉन क्रीमी लेयर) 14%। इसके अतिरिक्त उपरोक्त श्रेणियों में निम्न प्रकार से क्षैतिज आरक्षण देय होगा, महिलाएँ/छात्राएँ 30%, भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों 2%, दिव्यांग 5%, स्वतंत्रता सेनानी आश्रित 2%। आरक्षण हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल प्रमाण–पत्र प्रवेश के समय प्रवेश समिति के सम्मुख प्रस्तुत करें।

(ख) प्रत्येक कक्षा के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अर्हता अंकों में अधिकतम 5 अंकों की छूट दी जायेगी। बशर्ते विश्वविद्यालय द्वारा किसी कक्षा हेतु न्यूनतम अंक निर्धारित न किये हों। **EWS श्रेणी का 10% आरक्षण उत्तराखण्ड सरकार तथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक कक्षा में सीटें बढ़ाने पर ही अनुमन्य होगा। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रवेश में आरक्षण का लाभ महाविद्यालय द्वारा तभी दिया जायेगा जबकि उनका संबंधित श्रेणी का आरक्षण प्रमाण पत्र उत्तराखण्ड के किसी जनपद के सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो। किसी अन्य राज्य के सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत आरक्षण प्रमाण पत्र प्रवेश में आरक्षण का लाभ देने हेतु मान्य नहीं होगा।**

10. प्रवेश हेतु अधिमानित अंक (वेटेज)

माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड की खण्डपीठ के आदेश सं 350/2016 के आधार पर निम्न प्रकार वरीयता अंक (वेटेज) दिये जायेंगे:

'क' श्रेणी (Category 'A') (स्वयं द्वारा अर्जित) कुल अधिकतम 5% (केवल सक्षम अधिकारी के प्रमाण पत्र के आधार पर)

1. **खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र/छात्रा (कुल अधिकतम 5%)**
   (i) राज्य/जोनल 3%
   (ii) राष्ट्रीय स्तर 5%

2. **एन0सी0सी0 (कुल अधिकतम 3%)**
   (i) 'B' प्रमाण पत्र 1% अथवा
   (ii) 'C' प्रमाण पत्र 2%
   (iii) राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड में भागीदारी/राज्य या राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त 3%
3. **एन0एस0एस0 (कुल अधिकतम 3%)**
   (i) एन0एस0एस0 'B' प्रमाण–पत्र 1%
   (ii) एन0एस0एस0 'C' प्रमाण–पत्र धारक 2%
   (iii) राष्ट्रीयता एकता शिविर या गणतंत्र दिवस परेड में भागीदारी 3%
4. **स्काउट/रोवर्स/रेंजर्स (कुल अधिकतम 2%)**
   (i) राज्य पुरस्कार 1%
   (ii) राष्ट्रीय पुरस्कार 2%
5. AIU अथवा संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्थान ग्रहण करने पर

व्यक्तिगत	प्रथम 4%	द्वितीय 3%	तथा	तृतीय 2%
टीम	प्रथम 3%	द्वितीय 2%	तथा	तृतीय 1%

(अधिकतम 4%)

11. विश्वविद्यालय नामांकन

ऐसे समस्त छात्रों को जो हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर में नामांकित (एनरोल्ड) नहीं हैं, अपना नामांकन (एनरोलमैन्ट) इस विश्वविद्यालय में कराना होगा। विश्वविद्यालय में नामांकन शुल्क तथा प्रवजन प्रमाण–पत्र (माईग्रेशन सर्टिफिकेट), जहाँ आवश्यक हो, का आवेदन पत्र प्राचार्य के माध्यम से कुलसचिव, हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जायेगा। यह छात्र का उत्तरदायित्व है कि वह नामांकन आवेदन–पत्र भरे तथा मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र, परीक्षा–आवेदन पत्र के साथ जमा करे।

12. उपस्थिति

कोई भी छात्र/छात्रा जिसकी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित 75% से कम उपस्थिति है, विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह नहीं होगा। विशेष परिस्थिति में प्राचार्य की संस्तुति पर विश्वविद्यालय के कुलपति इस प्रावधान में छूट दे सकते हैं। (विस्तृत विवरण पृष्ठ 19–20 पर है)

किसी भी प्रयोगात्मक विषय में लिखित और प्रायोगिक अलग–अलग पाठ्यक्रम माने जायेंगे और उनमें अलग–अलग उपस्थिति आवश्यक होगी। लिखित में उपस्थिति का तात्पर्य व्याख्यान, ट्यूटोरियल और सेमिनार में उपस्थित रहने से है।

13. नियन्ता मण्डल

कॉलेज प्रांगण में छात्र/छात्राओं में अनुशासन एवं समुचित शैक्षिक वातावरण बनाये रखने हेतु एक वरिष्ठ प्राध्यापक के नेतृत्व में नियन्ता मण्डल का गठन किया जाता है। नियन्ता मण्डल में शिक्षक नियंताओं के साथ प्रीफेक्ट के रूप में छात्र/छात्राओं को भी सम्मिलित किया जा सकता है।

14. परिचय–पत्र

प्रवेश के समय सभी छात्रों को शुल्क रसीद के साथ परिचय–पत्र जारी किया जाता है। निर्धारित तिथि तक इस परिचय–पत्र को स्वयं मुख्य नियन्ता से हस्ताक्षरित करा लेना अनिवार्य है। छात्र हर समय अपना परिचय–पत्र अपने पास रखें और जब भी कॉलेज अधिकारी उसे देखने की माँग करें, तुरंत दिखायें। यदि परिचय–पत्र खो जाये तो इसकी प्रथम सूचना (तहरीर) पास के पुलिस थाने या चौकी में अवश्य करानी होगी। दूसरा परिचय–पत्र (Duplicate I-Card) कॉलेज कार्यालय से पचास रुपये (50/–) शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है। इस हेतु आवेदन प्रथम सूचना रिपोर्ट (F.I.R.) की प्रमाणित प्रतिलिपि फोटोग्राफ व वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन पत्र के साथ मुख्य नियन्ता कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस विषय में मुख्य नियन्ता का निर्णय ही अन्तिम होगा। छात्र/छात्रायें अपने बने हुए परिचय–पत्र मुख्य कार्यालय से व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्राप्त करें। अन्य किसी का परिचय पत्र कोई छात्र प्राप्त नहीं कर पायेगा।

15. छात्रवृत्तियाँ एवं शुल्क विमुक्ति

कॉलेज में सभी प्रकार की शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्य है। उच्च शैक्षिक योग्यताधारी निर्धन छात्रों को सरकार द्वारा निर्धारित कोटा के अन्तर्गत पूर्ण और अर्ध शुल्क–विमुक्ति प्रदान की जाती है। पिछले सत्र में दी गई शुल्क–विमुक्ति का स्वयमेव सततीकरण नहीं होगा और न ही कोई छात्र इस आधार पर स्वतः प्राप्त करने का अधिकारी होगा। शुल्क विमुक्ति एवं छात्रवृत्ति अनुशासन भंग करने, परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने, अध्ययन में असंतोषजनक प्रगति अथवा परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग की दशा में निलम्बित की जा सकती है।

बर्सरी छात्रवृत्ति या वजीफा पाने वाले छात्र शुल्क–विमुक्ति हेतु हकदार नहीं होंगे। यदि किसी छात्र को शुल्क–विमुक्ति मिल रही है और उसे छात्रवृत्ति भी मिल जाती है तो जिस तिथि से छात्रवृत्ति मिल रही है, उस तिथि से शुल्क–विमुक्ति समाप्त कर दी जायेगी। यदि किसी योग्यता छात्रवृत्तिधारी छात्र को बर्सरी छात्रवृत्ति मिल जाती है, तो उसको देय बर्सरी छात्रवृत्ति की धनराशि में से योग्यता की राशि के समतुल्य कटौती कर दी जायेगी एवं काटी गई राशि में से अन्य छात्रों को बर्सरी दी जायेगी।

डॉ0 राजीव जैन स्मृति छात्रवृत्ति के अन्तर्गत एम.ए./एम.एस.सी. सांख्यिकी के अंतिम वर्ष (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के संयुक्त योग) में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को इक्कतीस सौ रूपये का नगद पुरस्कार से 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को सम्मानित किया जायेगा।

डॉ0 दिनेश प्रताप स्मृति पुरस्कार एवं छात्रवृत्ति के अन्तर्गत एम.ए. प्रथम वर्ष भूगोल (सेमेस्टर प्रथम एवं द्वितीय संयुक्त योग) में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को दस हजार रूपये का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा जोकि रेखांकित चैक के माध्यम से आगामी 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को प्रदान किया जायेगा। (सौजन्य – डॉ. आराधना दिनेश प्रताप)

16. चिकित्सकीय सुविधायें

महाविद्यालय में नियमित छात्र–छात्राओं हेतु प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध है जिसे महाविद्यालय समयावधि में प्रशिक्षित चिकित्सीय सहायक को दिखा कर, छात्र–छात्राओं द्वारा दवा इत्यादि प्राप्त की जा सकती है।

17. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं हेतु शुल्क विमुक्ति व छात्रवृत्तियां

(i) अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जो छात्र/छात्रायें उत्तराखण्ड राज्य के मूल निवासी हैं, केवल उन्हें ही शुल्क विमुक्ति का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

(ii) अन्य नियम सम्बंधित फार्म पर दिए गए हैं। जिसमें ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। छात्रवृत्तियां समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत की जाती हैं।

18. पुस्तकालय एवं वाचनालय

कॉलेज में पूर्ण रूपेण सज्जित पुस्तकालय है, जिसमें दो लाख से अधिक पुस्तकें तथा विभिन्न विषयों के अनेक स्तरीय शोध ग्रन्थ उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में एक सन्दर्भ कक्ष की भी व्यवस्था है जहाँ उच्च स्तरीय ग्रन्थ अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। विभिन्न स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए सम्बन्धित विभागों में विभागीय पुस्तकालयों की अलग से व्यवस्था है। एक बड़ा वाचनालय भी है। इसमें दैनिक समाचार पत्र, साप्ताहिक, पाक्षिक व मासिक पत्र–पत्रिकाएँ उपलब्ध रहती हैं।

19. प्रयोगशालायें

प्राणि विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, सांख्यिकी, भूगोल, चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान, संगीत विभागों में पूर्ण सज्जित प्रयोगशालायें हैं, जहाँ प्रायोगिक अभ्यास करने के लिए पर्याप्त स्थान और सुविधायें हैं।

20. शोध कार्य

कॉलेज के स्नातकोत्तर विभागों में शोध सुविधायें उपलब्ध हैं। साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, डीएसटी, यूकॉस्ट व अन्य संस्थाओं के सहयोग से चलने वाली शोध परियोजनाओं के लिए भी महाविद्यालय में व्यवस्थाएं हैं। पीएच–डी के लिए भी महाविद्यालय में पर्याप्त सुविधाऐं उपलब्ध हैं और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के अन्तर्गत शोध कराये जाते हैं। शोध छात्र/छात्राओं का आवंटन विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाता है।

(1) कॉलेज में शोध छात्रों को चयन के बाद अपना पंजीकरण कराना होता है जिसका शुल्क वर्तमान में रु0 3055/– है। शोध छात्रों की स्थिति विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार होगी।

21. कॉलेज की सदस्यता

कॉलेज में छात्रों के प्रवेश तब तक अनन्तिम (प्रोविजनल) माने जायेंगे जब तक वे प्राचार्य द्वारा अनुमोदित नहीं कर दिये जाते हैं। सभी छात्र कॉलेज के सदस्य तब माने जायेंगे, जब उनका प्रवेश आवेदन प्राचार्य द्वारा स्वीकार कर लिया जाये और उन्होंने कॉलेज की सम्पूर्ण शुल्क राशि तथा वांछित आवश्यक पत्रजात जमा कर दिए हों। किसी भी छात्र द्वारा कॉलेज शुल्क जमा कर देना मात्र उसका कॉलेज में प्रवेश का दावा स्थापित नहीं कर देता।

यदि किसी छात्र/छात्रा का पिछले शैक्षिक सत्र में चाल–चलन संतोषजनक न रहा हो, या वह परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग अथवा अभद्र व्यवहार का दोषी हो अथवा किसी ऐसी बीमारी से पीड़ित हो, जिसका सम्पर्क अन्य छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो, ऐसे प्रवेशार्थी को पुनः प्रवेश नहीं दिया जायेगा। यदि कोई छात्र/छात्रा कॉलेज की कोई सम्पत्ति, एन0सी0सी0 वर्दी, प्रयोगशाला उपकरण या कोई अन्य समान आदि वापस नहीं करता अथवा उसके द्वारा खोये किसी समान की पूर्ति अथवा उसके मूल्य का भुगतान नहीं करता, तो कॉलेज प्राचार्य को यह अधिकार होगा कि वह ऐसे छात्र को विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने से वंचित करने की संस्तुति विश्वविद्यालय को करें।

22. छात्रसंघ

छात्रसंघ, महाविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रतिनिधि निकाय है जिसका गठन प्रतिवर्ष छात्रसंघ के संविधान एवं इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय तथा लिंगदोह समिति द्वारा दी गई संस्तुतियों के क्रम में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशानुसार किया जाता है। वर्तमान में छात्रसंघ गठन सम्बन्धी प्रमुख नियम निम्न प्रकार हैं:–

(1) प्रत्येक वर्ष सत्र प्रारम्भ होने की तिथि से 6 से 8 सप्ताह के अन्तर्गत संस्था स्तर पर छात्रसंघ चुनाव कराना आवश्यक होगा। छात्रसंघ कार्यकारिणी में पदाधिकारियों सहित 11 सदस्य होंगे। नामांकन से लेकर प्रचार तथा परिणाम घोषित होने तक सम्पूर्ण प्रक्रिया 10 दिन के अन्दर सम्पन्न कराई जायेगी। छात्रसंघ चुनाव में स्नातक विद्यार्थियों की आयु सीमा 17 से 22 वर्ष तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए आयु सीमा अधिकतम 25 वर्ष है। कोई भी प्रत्याशी पदाधिकारी पद हेतु एक बार तथा कार्यकारिणी पद हेतु दो बार चुनाव लड़ सकेगा। निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण (पद–ग्रहण) चुनाव परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह के भीतर कराया जाना अनिवार्य होगा। आपराधिक पृष्ठभूमि अथवा संस्था के अनुशासन को भंग करने पर दण्डित किया गया/गई छात्र/छात्रा छात्रसंघ चुनाव लड़ने हेतु अनर्ह होगा/होगी। नामांकन प्रपत्र में प्रत्याशी को वही नाम लिखना होगा जो उसके हाईस्कूल प्रमाण–पत्र में है। चुनाव सम्बन्धी अद्यतन आचार संहिता चुनाव घोषित होने के समय उपलब्ध करायी जायेगी।

(2) चुनाव आचार संहिता, निर्धारित नियम एवं व्यवस्थाएं लिंगदोह समिति/माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार होगी जिनको विस्तार से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वैबसाइट (www.ugc.ac.in) पर देखा जा सकता है। छात्रसंघ आचार संहिता एवं नियमावली का उल्लंघन करने वाले छात्र प्रतिनिधियों को पदच्युत भी किया जा सकता है।

(3) महाविद्यालय के प्राचार्य छात्रसंघ के पदेन संरक्षक हैं तथा किसी भी विवाद में उनका निर्णय सर्वमान्य व अन्तिम होगा।

23. क्रीड़ा सुविधायें

महाविद्यालय में एक क्रीड़ा परिषद् है जिसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं हेतु विभिन्न खेलों यथा फुटबॉल, वालीबॉल, क्रिकेट, हॉकी, टेबिल–टेनिस, बास्केटबॉल, बैडमिन्टन, कबड्डी, वेट लिफ्टिंग, बॉडी–बिल्डिंग आदि की पर्याप्त सुविधायें उपलब्ध हैं। इन में छात्र–छात्रायें भाग ले सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा

आयोजित अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया अगस्त माह में प्रारम्भ होती है। उपरोक्त खेलों में भाग लेने के इच्छुक छात्र–छात्रायें क्रीड़ा कार्यालय में क्रीड़ा सचिव/खेल प्रबन्धक से सम्पर्क कर सायं 5 से 7 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

24. राष्ट्रीय सेवा योजना (एन0एस0एस0)

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की एक इकाई में 100 छात्र/छात्रायें (स्वयंसेवी) होते हैं तथा प्रत्येक इकाई का एक कार्यक्रम अधिकारी (महाविद्यालय का शिक्षक/शिक्षिका) होता है, जो कि अपनी इकाई की गतिविधियों का संचालन करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना में छात्र/छात्रा को लगातार दो वर्ष पंजीकृत रहना आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत मुख्य रूप में दो प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है–

(1) नियमित कार्यक्रम (प्रत्येक वर्ष 120 घंटे, दोनों वर्षों में कुल 240 घण्टे)

(2) सात दिवसीय रात दिन का विशेष शिविर कार्यक्रम

सम्प्रति महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की कुल 08 (आठ) इकाइयाँ हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर द्वारा आवंटित हैं, जिसके अंतर्गत 800 स्वयंसेवियों का नामांकन किया जायेगा।

क्र.सं.	इकाई की प्रकृति	इकाईयों की संख्या	आवंटित छात्र/छात्रा संख्या
1.	स्नातक (छात्र)	04	400
2.	स्नातक (छात्रा)	03	300
3.	स्नातकोत्तर (छात्र)	01	100

उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 319/XXIV(9) रा.से.यो./76(6) दिनांक 19 मार्च, 2008 के अनुपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत निम्नलिखित व्यवस्था की गई है–

(1) राष्ट्रीय सेवा योजना के नियमित कार्यक्रम में निरन्तर 2 वर्ष की सहभागिता तथा दिन–रात के एक शिविर में भाग लेने पर स्वयंसेवी को A+ प्रमाण–पत्र दिया जायेगा।

(2) राष्ट्रीय सेवा योजना के नियमित कार्यक्रम में निरन्तर 2 वर्ष की सहभागिता तथा दिन–रात के दो विशेष शिविर कार्यक्रमों में भाग लेने पर स्वयंसेवी को A+ प्रमाण–पत्र दिया जायेगा।

(3) राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम वर्ष के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित 'B' प्रमाण–पत्र परीक्षा आयोजित की जाएगी। 'C' प्रमाण–पत्र परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांक प्राप्त करने अर्थात् उत्तीर्ण होने तथा नियमित कार्यक्रम में 2 वर्ष पश्चात् 240 घण्टे की सहभागिता पूर्ण होने पर ही स्वयंसेवी को प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाएगा। 'B' प्रमाण–पत्र परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् स्वयंसेवी को निम्नलिखित शर्तें पूरी होने पर 'C' प्रमाण–पत्र प्रदान किया जायेगा।

(i) राष्ट्रीय सेवा योजना के नियमित कार्यक्रम में लगातार 2 वर्षों में 240 घण्टे की सहभागिता।

(ii) राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में शत्–प्रतिशत् उपस्थिति।

(iii) राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित रात व दिन के कम से कम एक विशेष शिविर में सक्रिय सहभागिता।

(iv) राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवी का कार्य व्यवहार उत्तम हो तथा उसके विरुद्ध किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही लम्बित न हो।

उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 312/(1) 2008–11/2005 दिनाँक 5 जून, 2008 के अनुपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमाण–पत्र धारकों को स्नातक तथा स्नातकोत्तर/अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अधिमान (वैटेज) अंक प्रदान किये जायेंगे।

25. राष्ट्रीय कैडिट कोर (एन0सी0सी0)

स्नातक स्तरीय छात्र/छात्राओं के लिए एन0सी0सी0 की अलग–अलग सुविधा उपलब्ध है। इन्हें एन0सी0सी0 अधिकारियों की देख–रेख में संचालित किया जाता है। इसमें चयन हेतु एक शारीरिक क्षमता परीक्षा होती है। एन0सी0सी0 में प्रति सप्ताह में चार घंटे परेड की ट्रेनिंग होती है तथा उसमें 75% उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थिति में छूट केवल कुछ विशेष परिस्थितियों में प्राचार्य द्वारा दी जा सकती है। जो कैडिट कॉलेज या विश्वविद्यालयों या केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा आयोजित युवक समारोहों में प्रतिनिधित्व करने जायेंगे अथवा पर्वतारोहण संस्थानों द्वारा सम्पादित पर्वतारोहण पाठ्यक्रमों में भाग लेने जायेंगे, उन्हें इस दौरान परेड में उपस्थित माना जायेगा।

नोटः विद्यार्थी एन0सी0सी0 तथा एन0एस0एस0 में से केवल एक ही चुन सकता है।

26. रोवर व रेन्जर

महाविद्यालय में छात्र और छात्राओं के लिए रोवर व रेन्जर इकाईयाँ भी गठित हैं जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी भाग लेकर राष्ट्र सेवा कर सकते हैं।

27. सांस्कृतिक समिति

महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक सांस्कृतिक समिति भी गठित हैं जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी भाग लेकर अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित कर सकते हैं।

28. कॉलेज पत्रिका 'जिज्ञासा'

छात्रा–छात्राओं में सृजनात्मक अभिरुचि उत्पन्न करने के ध्येय से कॉलेज प्रतिवर्ष 'जिज्ञासा' नामक पत्रिका प्रकाशित करता है। इसमें छात्रों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की रचनाओं के अतिरिक्त कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों की रिपोर्ट प्रकाशित की जाती है।

29. इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) अध्ययन केन्द्र

महाविद्यालय में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र (2705) में स्नातकोत्तर प्रबंधन, पुस्तकालय विज्ञान, सामाजिक कार्य, पत्रकारिता विज्ञान, पर्यटन प्रबंधन, वाणिज्य, अंग्रेजी, लोक प्रशासन, इतिहास, राजनीति विज्ञान, हिन्दी, समाजशास्त्र आदि विषयों में तथा विज्ञान, कला, वाणिज्य तथा पर्यटन प्रबन्धन में स्नातक तथा विभिन्न रोज़गारोन्मुख डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय द्वारा ऑडियों/विजुअल अध्ययन सामग्री के

साथ श्रेष्ठ पुस्तकें भी उपलब्ध करायी जाती हैं। महाविद्यालय के छात्र/छात्रा अपनी कौशल वृद्धि हेतु सर्टिफिकेट तथा डिप्लोमा कोर्सेस साथ–साथ कर सकते हैं।

30. कैरियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेवा

महाविद्यालय में छात्रों के रोज़गारपरक मार्गदर्शन तथा विषय चयन में सहायता देने हेतु महाविद्यालय कैरियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेवा कार्यरत है। इस सेवा का कार्यालय महाविद्यालय परिसर में ही अवस्थित है। इस सेवा द्वारा विषय चयन में मार्गदर्शन के साथ छात्रों के व्यक्तित्व एवं क्षमता विकास हेतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त अध्ययन पूर्ण करते ही छात्रों को रोजगार दिलवाने हेतु परिसर साक्षात्कार भी आयोजित किये जाते हैं। विगत सत्र में उपरोक्त सेवा के माध्यम से छात्र एवं छात्राओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार प्रदान कराने की व्यवस्था की गई।

31. जमाराशि एवं उनकी वापसी

पुस्तकालय	स्नातक स्तर	रु0 60/–
	स्नातकोत्तर स्तर	रु0 100/–
प्रयोगशाला	स्नातक स्तर	रु0 60/–
	स्नातकोत्तर स्तर	रु0 100/–

1. यह जमाराशि टूट–फूट और क्षति की भरपाई, यदि कोई हो, काटने के बाद वापस की जायेगी।
2. यह जमाराशि छात्र को उसके उस कक्षा में उत्तीर्ण होने के अथवा उस कक्षा की पढ़ाई छोड़ने के एक वर्ष के अन्दर ही देय होगी तथा इसका भुगतान टूट–फूट या क्षति की भरपाई करने के बाद रेखांकित चैक द्वारा छात्र के नाम से किया जायेगा।
3. जमाराशि वापस लेने से पूर्व कॉलेज की सभी देय राशियाँ, शुल्क अथवा सम्पत्ति वापिस करनी होगी।
4. सत्र के मध्य में महाविद्यालय से स्थानान्तरण लेने पर उसको महाविद्यालय की सभी सम्पत्ति वापस करनी होगी।

32. Best Practice of the college- Mantrana Debating Society and its activities

'Mantrana Debating Society' of DAV(PG) College was formed in the college under the guidance of Dr Onima Sharma , Coordinator IQAC who believed that the more one fears speaking , the less probability of success one begets, so fear and success are mutually exclusive. It was this gusto and the passion to instill the qualities of public speaking, critical thinking and logical reasoning that catapulted the Society to the fame it has attained today.

In its incipient years the Society has had a representation in International and National events. The annual VoWMantrana Pan India Debate is another diadem in its crown which is organised by the Valley of Word Literature and Arts festival. Mantrana has also organized educational tours of students at Lal Bahadur Shastri National Academy of Adminstration, Indian Military Academy and Regional Science Centre Dehradun on various occasions. The members of Mantrana Society have also represented College at 'Global Youth Summit for Peace and Sustainable Development' as guest speakers, did field research work and survey for 'Lokniti', did volunteer-internship with UCOST among other accomplishments. Mantrana Society established Civil Services Forum on October, 25 2019 for fostering a healthy competition and providing guidance and study material for various government examinations i.e, UPSC, PCS, SSC, SSB, CDS, AFCAT and many more. Various online and offline lectures, group discussions and mock tests have been conducted under its aegis. It has also organized interactive sessions with Dr Sanjeev Chopra, former Director of LBSNAA, Shri Vinod Sharma (Retired IAS Officer) and Group Captain Sangeeta Kathait.

To promote culture of reading and intellectual discussions, Mantrana has also been granted its own space in which it established 'Mantrana Reading Room', fully equipped with a rich collection of literature of diverse genre and study material supporting Mantrana Civil Service Forum. Besides Science Club, Dramatics Club, Poetry Club and Cultural Club have also been established under the rubric of Mantrana Society. The Science Club has been successful in heralding the vision of entrepreneurship in the College by undertaking projects in collaboration with UCOST.

The students of the college can join the Society by filling in the registration forms that are made available during the commencement of a new session. Onsite registration can also be done by filling in the forms available either at the Mantrana Reading Room or the dedicated Registration Desk. The members can also reach out to the Society via social media wherein their queries are responded to, in an expeditious manner.

33. जेंडर सेन्सटाइजेशन कमेटी अगेंस्ट सेक्सुअल हैरेसमेंट (GCASH)

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशों के अनुपालन में महाविद्यालय में महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु जेंडर सेन्सटाइजेशन कमेटी अगेंस्ट सेक्सुअल हैरेसमेंट (GSCASH) स्थापित की गयी है। यह समिति जिसमें मुख्य रूप से महिला सदस्य सम्मिलित हैं, महिलाओं के सम्मान की अवहेलना की सूचना संज्ञान में लेती है व कार्यवाही करती है।

34. वेबसाइट एवं शुल्क भुगतान

www.davpgcollege.in

35. रैगिंग पर प्रतिबन्ध

महाविद्यालय में किसी भी प्रकार की रैगिंग पूर्णतया निषेद्ध है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार कोई छात्र/छात्रा रैगिंग करते या इसके लिए किसी को प्रेरित करते हुए पाया गया/पाई गयी तो उसके विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस आशय का शपथ पत्र ऑनलाइन दिये गये शपथपत्र पर प्रवेशार्थी तथा उसके अभिभावक को हस्ताक्षर करके प्रवेश आवेदन पत्र के साथ जमा करना आवश्यक है।

36. UGC Regulations on Curbing the Menace of Ragging in the University / College. (यू0जी0सी0 के रैगिंग रोकने संबंधी नियम)

महाविद्यालय ने रैगिंग की समस्या के नियंत्रण हेतु अपने परिसर में रैगिंग की प्रभावशाली रोकथाम हेतु विश्वविद्यालय

अनुदान आयोग के निर्देशों मार्च 2009 तथा माननीय उच्चतम न्यायालय के पत्र सं. 310/04/एस.आई.ए. दिनांक 26 फरवरी 2009 तथा 17 मार्च 2009 को दृष्टिगत रखते हुए निम्नलिखित प्रावधान किये हैं–

(1) **रैगिंग से सम्बन्धित अभिप्राय है:**

